संचयी परीक्षा ,

कक्षा - VIII ,

पाठ-4,5,6

विषय - हिन्दी

समय मिनट कुल अंक -

4 दीवानों की हस्ती 5 चिट्ठियों की अनोखी दुनिया 6 भगवान के डाकिये

भाग 1

नोट- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं

1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

पत्रों की दुनिया भी अजीबो - गरीब है और उसकी उपयोगिता हमेशा से बनी रही है | पत्र जो काम कर सकते हैं, वह संचार का आधुनिकतम साधन नहीं कर सकता है | पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश कहाँ दे सकता है| पत्र एक नया सिलसिला शुरू करते हैं और राजनीति, साहित्य तथा कला के क्षेत्रों में तमाम विवाद और नयी घटनाओं की जड़ भी पत्र हीं होते हैं| दुनिया का तमाम साहित्य पत्रों पर केंद्रित है और मानव सभ्यता के विकास में इन पत्रों ने अनूठी भूमिका निभाई है |

1 पत्र किन क्षेत्रों में तमाम विवादों की जड़ भी है ? 2

2 पत्र आधुनिक संचार साधनों से भिन्न कैसे है ? 2

3 पत्रों की साहित्य में क्या भूमिका है ? 2

4 'पत्र' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए ? 1

5 उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए | 1

2 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

1 धरती शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए | 1

2 मुस्तैद व हस्ती शब्द का अर्थ बताइए | 1

3 उल्लास शब्द का विलोम लिखिए | 1

4 संग्रहालय व महात्मा शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए| 1

संचयी परीक्षा ,

कक्षा - VIII ,

पाठ-4,5,6

विषय - हिन्दी

समय मिनट कुल अंक -

4 दीवानों की हस्ती 5 चिट्ठियों की अनोखी दुनिया 6 भगवान के डाकिये

भाग 2

पढ़े गए पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

1 'दीवानों की हस्ती' कविता में कवि ने किस भाव को व्यक्त किया है? वर्णन कीजिए | 2

2 पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या - क्या प्रयास हुए ? 2

3 एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है | स्पष्ट कीजिये | 2

4 कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकीये क्यों बताया है ? 2

5 'हमारे जीवन में डाकिये की भूमिका ' का क्या महत्व है ? 2

संचयी परीक्षा ,

कक्षा - VIII ,

पाठ-4,5,6

विषय - हिन्दी

समय कुल अंक -

4 दीवानों की हस्ती 5 चिट्ठियों की अनोखी दुनिया 6 भगवान के डाकिये

भाग 3

1 निम्न पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए- (1*5=5)

हम क्या दीवानों की हस्ती
हैं आज यहाँ कल वहाँ चले
मस्ती का आलम साथ चला
हम धूल उड़ाते जहां चले
आए बनकर उल्लास अभी
आँसू बनकर बह चले अभी
सब कहते ही रह गए अरे

तुम कैसे आए कहाँ चले
किस ओर चले यह मत पूछो
चलना है बस इसलिए चले
दो बात कही दो बात सुनी
कुछ हँसे और कुछ रोए
छककर सुख दुख के घूँटों को
हम एक भाव से पिए चले।

1 कवि और कविता का नाम लिखिए।
2 दीवानों के साथ क्या चलता है?
3 'दो बात कही दो बात सुनी' का क्या अर्थ है?
4 सुख और दुख के प्रति कवि का क्या भाव है?
5 लोगों ने कवि से क्या प्रश्न किया?

2 -निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए-(1*6=6)

पत्र व्यवहार की परंपरा भारत में बहुत पुरानी है। पर इसका असली विकास आज़ादी के बाद ही हुआ है। तमाम सरकारी विभागों की तुलना में सबसे ज्यादा गुडविल डाक विभाग का ही है। इसकी एक खास वजह यह भी है क्योंकि यह लोगो को जोड़ने का काम करता है। घर-घर तक इसकी पहुँच है। संचार के तमाम उन्नत साधनों के बाद भी चिट्ठी-पत्री की हैसियत बरकरार है। शहरी इलाकों में आलीशान हवेलियाँ हों या फिर झोपड़पट्टियों में रह रहे लोग, दुर्गम जंगलों से घिरे गाँव हों या फिर बर्फबारी के बीच जी रहे पहाड़ों के लोग, समुद्र तट पर रह रहे मछुआरे हों या फिर रेगिस्तान की ढाणियों में रह रहे, लोग आज भी खतों का ही सबसे बेसब्री से इंतज़ार होता है।

1 पत्र व्यवहार का असली विकास कब हुआ?
2 डाक विभाग का सबसे ज्यादा गुडविल क्यों है?
3 लोग बेसब्री से किसका इंतज़ार करते हैं?
4 गद्यांश में 'संचार के उन्नत साधनों' से चिट्ठियों की तुलना की गई है।
5 संचार के दो उन्नत साधनों के नाम बताइए।
6 पाठ एवं लेखक का नाम बताइए।

कक्षा - VIII ,

पाठ-4,5,6

विषय - हिन्दी

समय   कुल अंक -

भाग 4

1 भारत की खोज के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए (3*3=9)

क सिंधु घाटी सभ्यता के अंत के बारे में विद्वानों के कई मत हैं। आपके विचार में इस सभ्यता का अंत कैसे हुआ होगा।

ख उपनिषदों में बार-बार कहा गया है कि - “शरीर स्वस्थ हो, मन स्वच्छ हो और तन-मन दोनों अनुशासन में रहें।” आप अपने दैनिक क्रिया-कलापों में इसे कितना लागू कर पाते हैं? लिखिए।

ग आपके मन में मातृभूमि की कैसी तस्वीर है?

2 निम्न शब्दों के दोनों अर्थ स्पष्ट करने वाले वाक्य बनाइए -

क) जल

ख) हार

3 निम्न की संधि कीजिए-

क) रवि+इन्द्र   ख) संग्रह+आलय   ग) महा+आत्मा   घ) जल+आशय

उत्तर संकेत

संचयी परीक्षा ,

कक्षा - VIII ,

पाठ-4,5,6

विषय - हिन्दी

समय मिनट कुल अंक -

4 दीवानों की हस्ती 5 चिट्ठियों की अनोखी दुनिया 6 भगवान के डाकिये

भाग 1

1

1 पत्र राजनीति, साहित्य तथा कला के क्षेत्रों में तमाम विवादों की जड़ भी है |

2 पत्र आधुनिक संचार साधनों से भिन्न इसलिए है क्योंकि पत्रों में प्रेम और अपनेपन का भाव अत्यधिक होता है |

3 दुनिया का तमाम साहित्य पत्रों पर केन्द्रित है और मानव सभ्यता के विकास में इन पत्रों ने अनूठी भूमिका निभायी है |

4 पत्र = चिट्ठी ,ख़त

5 पत्रों का महत्व |

2

1 धरती = भू ,धरा

2 मुस्तैद = सजग , हस्ती = हैसियत

3 उल्लास =शोक

4 संग्रहालय = संग्रह+आलय, महात्मा = महा + आत्मा

भाग 2

1 'दीवानों की हस्ती' कविता में कवि एक ओर अपने अस्तित्व को नकारता है तो दूसरी ओर अपने अस्तित्व को स्वीकारता है और अभावों में भी खुश रहता है व दूसरों को भी खुश रहने की प्रेरणा देता है |

2 पत्र लेखन की कला के विकास के लिए विद्यालय के पाठ्यक्रमों में पत्र लेखन का विषय शामिल किया गया एवं विश्व डाक संघ द्वारा 1972 से 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का कार्यक्रम शुरू किया गया |

3 एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजकर हमें प्रेम व सद्भाव का संदेश देती है|

4 कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिये इसलिए कहा है क्योंकि वे एक देश का संदेश दूसरे देश में पहुँचाकर प्रेम, एकता और सद्भाव का भाव फैलातें हैं |

5 डाकिये का हमारे जीवन में बहुत महत्व है क्योंकि डाकिया दूर - दराज में रहने वाले मित्रों, रिश्तेदारों, नातेदारों से संबन्धित समाचार लाता है और मानव जीवन को खुशियों से भर देता है|

भाग 3

1

(1) कविता - दीवानों की हस्ती   कवि -भगवतीचरण वर्मा

(2) दीवानों के साथ मौज-मस्ती का आलम चलता है |

(3) अच्छाई और बुराई दोनों संसार में है कुछ को हमने अच्छा-बुरा कहा और कुछ लोगो ने हमें अच्छा-बुरा कहा|

(4) सुख और दु:ख दोनों को सामान रूप से ग्रहण करना चाहये क्योंकि यह दोनों जीवन के अभिन्न अंग है |

(5) लोगो ने कवि से पूछा है कि आप दुनिया में प्यार लुटा कर किस ओर कहाँ चले |

2

(क) इसका असली विकास आज़ादी के बाद ही हुआ है।

(ख) क्योंकि यह लोगो को जोड़ने का काम करता है।

(ग) लोग आज भी खतों का ही सबसे बेसब्री से इंतज़ार होता है।

(घ) संचार के दो उन्नत साधन एसऍमएस और जी-मेल है |

(ड) पाठ -चिट्ठियों की अनोखी दुनिया

लेखक -अरविन्द कुमार सिंह

भाग 4

उत्तर-1

(क) सिंधु घाटी सभ्यता के अंत का कारण बाढ़, भूकंप और मौसम के बदलाव के कारण होने का अनुमान लगाया जाता है| मेरे अनुसार .... (विद्यार्थी की मौलिक अभिव्यक्ति)

(ख) (विद्यार्थी की मौलिक अभिव्यक्ति)

(ग) (विद्यार्थी की मौलिक अभिव्यक्ति)

उत्तर-2

(क) जल -वह आग से जल गया और लोगो ने उसके ऊपर जल डाल दिया |

(ख) हार -क्रिकेट में उत्तराखंड टीम हार गई और विजेता दिल्ली टीम के खिलाड़ियों को हार पहनाया गया |

उत्तर-7 (क) रवीन्द्र, (ख) संग्रालय, (ग) महात्मा, (घ)जलाशय |